भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3937

सोमवार, 18 अगस्त, 2025 / 27 श्रावण, 1947 (शक)

ओडिशा में अनौपचारिक कामगारों को ईएसआईसी और ईपीएफओ में शामिल करना

3937. श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने ओडिशा, विशेषकर बलांगीर, बारगढ़ और सुबर्णपुर जैसे जिलों में अनौपचारिक कामगारों के बीच कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के कवरेज अंतराल का आकलन करने के लिए कोई समीक्षा की है;

(ख) यदि हाँ, तो सरकार ने अर्ध-शहरी और ग्रामीण औद्योगिक क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने, नामांकन प्रक्रिया को सरल बनाने और कामगारों के लिए इसे सुगम बनाने के लिए क्या कदम उठाए हैं;

(ग) क्या सरकार पश्चिमी ओडिशा के श्रम-प्रधान क्षेत्रों में ईएसआईसी औषधालय या अस्पताल नेटवर्क का विस्तार करने की योजना बना रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो क्या सरकार का उक्त क्षेत्रों में डिजिटल और जमीनी स्तर के माध्यम से ईएसआईसी और ईपीएफओ को शामिल करने के लिए एक लक्षित अभियान पर विचार करने का प्रस्ताव है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (घ):- कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) विभिन्न क्षेत्रों के संगठित क्षेत्र के कामगारों को वैधानिक योजनाओं के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा कवरेज प्रदान करते हैं। अत:, अनौपचारिक कामगार ईएसआईसी और ईपीएफओ के दायरे में नहीं आते हैं।

वर्तमान में, ओडिशा में ईएसआई लाभार्थियों को 06 ईएसआई अस्पतालों और 53 ईएसआई औषधालयों के माध्यम से चिकित्सा सेवाएँ प्रदान की जाती हैं, जिनमें पश्चिमी ओडिशा में 03 अस्पताल और 18 औषधालय शामिल हैं। इसके अलावा, ईएसआई निगम ने ओडिशा में अस्पताल/औषधालय नेटवर्क का विस्तार करने और पहुँच में सुधार लाने के लिए झारसुगुड़ा में 100 बिस्तरों वाले अस्पताल और पश्चिमी ओडिशा के संबलपुर में 5 डॉक्टरों वाले एक औषधालय को भी मंजूरी दी है।

****